**भारत डायनामिक्स लिमिटेड**
(भारतसरकार का उद्यम, रक्षा मंत्रालय)
निगम कार्यालय :: गच्ची बाउली, हैदराबाद

बीडीएल/104/बीडी-सीसी/एम आर/04 दि. 1 अप्रैल, 2021

**<u>प्रेस-विज्ञप्ति</u>**

**बी डी एल द्वारा 'आत्मनिर्भरता' के लिए की गयी पहल पर**
**<u>'ई-बुक' का सचिव (रक्षा उत्पादन) द्वारा विमोचन</u>**

'बी डी एल – आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते कदम' शीर्षक ई-बुक का विमोचन श्री राज कुमार, सचिव (रक्षा उत्पादन), रक्षा मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली से किया।


आज़ादी के 75 वर्ष को प्रतिबिंबित करने वाली 75 पृष्ठ की इस पुस्तक में आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिये बी डी एल द्वारा की गयी पहल और इसके लिए कंपनी की क्षमताओं का चित्रण है।

इस ई-पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में हैदराबाद से उद्यम के सी एम डी कमोडोर सिद्धार्थ मिश्र (से.नि.), निदेशकगण, मुख्य सतर्कता अधिकारी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

साथ ही, दि. 26 मार्च से 1 अप्रैल तक 'आज़ादी का अमृत महोत्सव' सप्ताह मनाया गया। इस सप्ताह के दौरान निम्नलिखित कार्यक्रम आयोजित किये गये :

- 'फ्रीडम-मार्च' कार्यक्रम में तीनों सेनाओं से अनुभवी युद्ध वीर, अधिकारी सहित बी डी एल के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर अनुभवी युद्ध वीरों को सम्मानित किया गया।
- रोज़गार कौशल विकसित करने आई टी आई, पुराना शहर, हैदराबाद के छात्रों के लिए एक प्रेरक व्याख्यान आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्री जी एन राव, ख्यातिप्राप्त वक्ता ने अपना व्याख्यान दिया।
- विक्रेताओं के लिए देशीकरण के अवसर पर एक वेबिनार का आयोजन किया गया।
- एम एस एम ई विक्रेताओं के लिए सरकार के नियम-विनियम, इससे एम एस एम ई को होने वाले लाभ से संबंधित एक वेबिनार का भी आयोजन किया गया।
- बी डी एल में, शिक्षुओं के लिए औद्योगिक सुरक्षा और हानिकारि प्रक्रियाएँ विषय पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- दलित इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स अण्ड इंडस्ट्री, तेलंगाना चाप्टर के सहयोग से एम एस एम ई अ.जा./अ.ज.जा. के उद्यमियों के लिए एक विशेष विक्रेता विकास मिलाप कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- 'बी डी एल – आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते कदम' शीर्षक ई-बुक का विमोचन श्री राज कुमार, सचिव (रक्षा उत्पादन), रक्षा मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली से किया।

समापन समारोह के अवसर पर कमोडोर सिद्धार्थ मिश्र (से.नि.) ने कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों को संबोधित करते हुए 'आत्मनिर्भर भारत' निर्माण के प्रति प्रतिबद्ध रहने का आग्रह किया।




**‘बी डी एल – आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते कदम’** शीर्षक
ई-पुस्तक का नई दिल्ली से विमोचन करते हुए
**श्री राज कुमार, सचिव (रक्षा उत्पादन), रक्षा मंत्रालय।**



श्री राज कुमार, सचिव (रक्षा उत्पादन), द्वारा ई-पुस्तक के विमोचन के बाद बी डी एल, हैदराबाद से निदेशकगण, मुख्य सतर्कता अधिकारी व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कमोडोर सिद्धार्थ मिश्र (से.नि.), सी एम डी, बी डी एल